झारखंड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची–834001

संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड पशुपालन सेवा के पशुचिकित्सक (बेसिक ग्रेड) नियुक्ति परीक्षा
(विज्ञापन संख्या–08/2015)

झारखण्ड राज्य के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–1253 दिनांक–28.08.2015 के द्वारा **झारखण्ड पशुपालन सेवा के पशुचिकित्सक के विभिन्न पदों** पर नियुक्ति हेतु प्रेषित अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से विहित–प्रपत्र में Online आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आवेदक को भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् अधिनियम 1984 (1984 का 52) के सूची–I एवं II में उल्लिखित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थाान से पशुचिकित्सा विज्ञान में स्नातक (बी0भी0एस0सी0 एंड ए0एच0) की उपाधि प्राप्त तथा भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् या झारखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् से निबंधित हो।

आवेदक दिनांक–**05.10.2015** से दिनांक–**25.10.2015** रात **12:00** तक आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर **Online Application** भर सकते हैं।

उक्त परीक्ष से संबंधित विज्ञापन संख्या–**08/2015** Online Application की अंतिम तिथि, अर्हत्ता एवं परीक्षा का विस्तृत ब्योरा आदि पूर्ण विवरण आयोग के वेबसाइट पर दिनांक–24.09.2015 से उपलब्ध रहेगा।

सचिव
झारखंड लोक सेवा आयोग,
राँची।